विकास भवन में कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने विकास कार्यों की समीक्षा की, जनप्रतिनिधियों ने समस्याएं गिनाईं

मंत्री ने पकड़ा पानी, सीवर और बिजली का झूठ

बैठक

कानपुर, प्रमुख संवाददाता। जिले के प्रभारी मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी की समीक्षा बैठक में बिजली, सीवर व पानी जैसी जनसमस्याओं को अफसरों ने ऑल इज वेल बताया तो शहर के जनप्रतिनिधियों ने उनका झूठ सबके सामने ला दिया। मंत्री का पारा चढ़ा तो उन्होंने निर्धारित कामों को समय पर पूरा करने का आदेश दिया।

सोमवार को विकास भवन में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान जलनिगम के एई ने अमृत योजना के तहत जलापूर्ति की तीन योजनाएं पूरी होकर हैंडओवर करने की जानकारी दी तो विधायक सुरेंद्र मैथानी ने कहा कि सरायमीता व जमुई गांव समेत तीन जगहों में पानी में अमोनिया होने से लोग बीमार हो रहे हैं। इन इलाकों में पानी पीने लायक नहीं है। वहां पर टंकी खड़ी है, लाइन डलवाकर उसे चालू कराएं। इस पर एई ने बजट डेढ़ करोड़ का बताया तो विधायक बोले... मेरी निधि से ले लो।

इसी बीच, मंत्री ने सीडीओ व नगर आयुक्त से कहा कि वह इसे दिखवाकर पानी की व्यवस्था कराएं। सीवर योजना के तहत चार परियोजनाएं पूरी होने और बनियापुरवा का काम आठ महीने में पूरा करने की बात कल्याणपुर विधायक नीलिमा कटियार ने कहा, मैगजीन घाट का सीवरेज सीधे गंगा में जा रहा है। इस पर नगर निगम के मुख्य अभियंता बोले, एक हफ्ते में सेप्टिटैंक बनाकर सीवर को उसमें भेजा जाएगा। दक्षिणांचल व केस्को अफसरों ने बिजली व्यवस्था ठीक होने और समय से ट्रांसफार्मर बदलने की बात कही तो जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण बोल पड़ीं। कहा- बिजली अफसर फोन नहीं उठाते हैं। विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने कहा कि बिजली कर्मचारी जनप्रतिनिधियों तक समस्या न पहुंचे इसका प्रयास करते हैं।

मंत्री बोले, अधीक्षक साहब आप जा सकते हैं : समीक्षा बैठक के दौरान मेडिकल कॉलेज का नंबर आया तो प्रमुख अधीक्षक डॉ. आरके सिंह ने जानकारी दी। बोले 200 करोड़ की लागत से 240 बेड के अस्पताल को बनाया गया है। मंत्री ने कहा कि कब तक ऑपरेशन थिवेटर चालू होगा। प्रमुख अधीक्षक बोले जल्द चालू होगा। मंत्री ने कहा कि पूरी जानकारी नहीं है तो क्यों जवाब दे रहे हैं। आपके प्राचार्य कहां हैं इस पर अधीक्षक बोले, वह ऑपरेशन कर रहे हैं। मंत्री ने में कहा कि अधीक्षक साहब आप जा सकते हैं। सीडीओ को मेडिकल कॉलेज प्राचार्य का स्पष्टीकरण का आदेश दिया।

विकास भवन में विकास कार्यों को लेकर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों संग बैठक करते प्रभारी मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी।

लोकार्पण हुआ पर काम आधूरा, लाइट खराब

पर्यटन विभाग की समीक्षा में विधानसभा अध्यक्ष के प्रतिनिधि सुरेंद्र अवस्थी ने कहा कि नजफगढ़ बिठूरी के पर्यटन विकास का काम किया गया। लोकार्पण हो गया पर काम अधूरा है। तीन महीने में ही लाइटें खराब हैं। मंत्री बोले, मौके पर दिखवाकर ठीक करवाएं।

मालौ गांव मंत्री ने सुनीं समस्याएं

चौबेपुर। सोमवार रात करीब आठ बजे जिले के प्रभारी मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी चौबेपुर के मालौ गांव के स्कूल प्रांगण में जनता चौपाल में पहुंचे। वहां गांव लोगों के बीच सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं जानी और उन्हें निस्तारित करने के निर्देश दिए। नंदी ने कूड़ा निस्तारण केंद्र का उद्घाटन भी किया। बाल विकास योजना के तहत गांव के अथर्व, गणेश को अन्न प्रासन्न में खीर खिलाई। संध्या कोमल की गोद भराई की रस्म पूरी की। गांव के लोगों ने बताया कि कोटे की दुकान निलंबित है। कोटा दूसरे गांव में अटैच है। इस पर एसडीएम बिल्हौर को इस समस्या का निस्तारण करने के आदेश दिए। मंत्री के साथ बिल्हौर विधायक राहुल बच्चा, विधायक सुरेंद्र मैथानी, ब्लाक प्रमुख राजेश शुक्ला, मुख्य विकास अधिकारी सुधीर कुमार रहे।

जितना वेतन मिल रहा उतना काम तो कर लो

प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना की समीक्षा में श्रम विभाग के अफसर ने प्रगति तीन फीसदी बताई। विधायक सुरेंद्र मैथानी बोले, जितना वेतन मिल रहा है, उतना तो काम कर लो। कब तक पाप करते रहोगे। श्रम विभाग के अफसर बोले, योजना में मजदूरों का पैसा कटता है तो वह खाता बंद कर देते है।

खानापूर्ति नहीं, सभी विभागों के प्रभारी आएंगे

बैठक में कई विभागों के प्रभारी नदारद रहे। इस पर मंत्री ने स्पष्ट कहा कि आगे से ऐसा नहीं चलेगा। अगस्त महीने में जुलाई की समीक्षा होगी। उसकी पूरी तैयारी से संबंधित विभाग के अफसर आएं। अगर ऐसा नहीं हुआ तो अब कार्रवाई होगी।

सच बोलिए, कुछ तो शर्म करिए

मंत्री ने केंद्र और राज्य सरकार की 88 योजनाओं की समीक्षा बैठक औपचारिकता करके निपटा दी। अमृत योजना के तहत शहर के जलापूर्ति पर जल निगम के अधिशासी अभियंता ने सब सही बताया तो विधायक सुरेन्द्र मैथानी कहा सही बोलिए कुछ तो शर्म करिए। अफसरों से कहा जाता है पर सुनते नहीं हैं। खराब शौचालयों पर मंत्री नंदी ने नगर आयुक्त से सवाल किए।

यह अन्य निर्देश

- निबंधन कार्यालय 112 करोड़ के सापेक्ष 73 करोड़ वसूल सका, उनको ठीक करने की हिदायत दी।
- पीस व उद्योग बंधु की बैठक में सभी को बराबर से बुलाने की हिदायत दी
- नहर सफाई के साथ ही सिल्ट उठान का भी टेंडर कराया जाए
- ककवन में लगातार प्रसूताओं की मौत हो रही है, इसलिए महिला डाक्टर हर हाल में तैनात करें
- 15 दिन में हादसे बढ़े हैं, क्या नो इंट्री खोलना सही है या गलत, इसका अफसर निष्कर्ष निकालें
- महाराजपुर से राजापुर की 2.5 साल से अधूरी सड़क को समय से पूरा कराकर उसे चालू कराएं

जमीन से फूट रहे फव्वारे का फोटो देख बिफरे मंत्री

कानपुर, प्रमुख संवाददाता। नाले टैप होने के बावजूद पूरे शहर में फूट रहे फव्वारे और पेयजल संकट का फोटो देखकर प्रभारी मंत्री बिफर पड़े। बोले- एक समस्या से पूरी स्थिति का आकलन नहीं किया जा सकता। फोटो भेजिए गड़बड़ी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। इसके बाद मंत्री चले गए।

बैठक खत्म होने के बाद मंत्री ने मीडिया से बातचीत में कहा कि योगी सरकार ने कानून-व्यवस्था में एक मिसाल पेश की है। अब अपराधी अपराध करने से डर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में विकास की गंगा बह रही है। समीक्षा बैठक में बस्तियों में नशे की जानकारी मिली है। इसे दिखवाकर कार्रवाई होगी। बैठक में सीवर व पेयजल को लेकर अफसरों के झूठ बोलने व फोटो दिखाने पर मंत्री बिफर पड़े। चलते-चलते उन्होंने मीडिया के सवालों के जवाब दिए। बोले बाजारों में शौचालय बनेगा। अगर अतिक्रमण है तो उनको मुक्त कराया जाएगा।

जन-जन को दिलाएं सरकारी योजना का लाभ

कानपुर। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री व प्रभारी मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने सोमवार को सर्किट हाउस में भाजपा पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने 2024 चुनाव की तैयारी को लेकर मंत्र दिया। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनकल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई हैं। इन योजनाओं का लाभ जन-जन को मिलना चाहिए। विधायक सुरेंद्र मैथानी, दक्षिण जिलाध्यक्ष डॉ. वीना आर्या पटेल, उत्तर जिलाध्यक्ष सुनील बजाज, सुरेश अवस्थी, अनीता गुप्ता, पार्षद पवन गुप्ता, नीरज गुप्ता, नीरज सिंह आदि मौजूद रहे।

सूखे नशे पर कार्रवाई न हुई तो करूंगी आंदोलन: प्रमिला

- महापौर बिफरीं, फिर उठकर चली गईं
- भरी बैठक बोलीं, बस्तियों में बिक रहा सूखा नशा

कानपुर, प्रमुख संवाददाता। कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कानून-व्यवस्था को लेकर भी समीक्षा बैठक की। महापौर प्रमिला पांडेय ने कहा कि बस्तियों में सूखा नशा महिलाओं से बिकवाया जा रहा है। पुलिस को पता होने के बावजूद कार्रवाई नहीं होती है। अगर कोई कार्रवाई नहीं हुई तो वह आंदोलन करेंगी। यह कहकर महापौर चली गईं। पूछने पर आपके अपने अखबार हिन्दुस्तान को बताया कि उनकी तबियत ठीक नहीं थी, इसलिए चली गईं।

बैठक में मौजूद ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर नीलाब्जा चौधरी से प्रभारी मंत्री ने कहा कि जिन थाने में अपराध बढ़ा है, उनके थानेदारों पर कार्रवाई करें। गैंगस्टर से बातचीत व फोटो खिंचवा वायरल करने वालों की संपत्ति जब्त करें। लचर पैरवी की वजह से 485 में से 393 अपराधी छूटे गए। विधायक नीलिमा कटियार ने कहा कि शराब की दुकान में पानी व गिलास बेचकर सड़क पर शराब पिलाई जा रही है। कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

डीपीएस के बच्चों ने पौधरोपण कर दिया संदेश

कानपुर। दिल्ली पब्लिक स्कूल, आजाद नगर में अमृत महोत्सव के तहत माई इंडिया माई लाइफ गोल्स अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। कक्षा 6-8 तक के विद्यार्थियों ने विद्यालय प्रांगण में पौधों को रोपकर सुनिश्चित भविष्य का आह्वान किया। आजादी का अमृत महोत्सव सच्चे अर्थों में इस प्रकार मनाने का संदेश पूरे समाज को विद्यालय के माध्यम से दिया गया। प्रधानाचार्या शिल्पा मनीष ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को अपनी जीवन शैली में ढालना चाहिए।

सिंधी सांस्कृतिक आयोजन में आएंगी पूर्व मिस इंडिया

कानपुर। पूज्य भगवान श्री झूलेलाल जी का चालीहा महोत्सव पूरे देश एवं विदेशों में 16 जुलाई से मनाया जा रहा है। 30 जुलाई को सिंधी अकादमी एवं हेमू कालानी मेमोरियल शिक्षण संस्थान की ओर से बर्रा दो स्थित सिंधु इंटरनेशनल स्कूल में आयोजन होगा। पूर्व मिस इंडिया एवं सुप्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री कल्चरल एंबेसडर सिमरन आहूजा सिंधी छेज में प्रतिभा का जादू बिखेरेंगी। गीतांजलि, सोनाली, महक, अंजलि, अंशु हुनर का जादू बिखेरेंगे।

छात्रों के लिए हर संसाधन उपलब्ध कराएगा कॉलेज

कानपुर। पीपीएन कॉलेज में सोमवार को बीए व बीएससी के प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं का ओरिएंटेशन हुआ। शुभारंभ प्राचार्य प्रो. अनूप कुमार सिंह ने किया। कहा, छात्रों के विकास के लिए कॉलेज हर संसाधन उपलब्ध कराएगा। मुख्य कुलानुशासक डॉ. धनंजय सिंह ने कहा सफलता की पहली सीढ़ी अनुशासन है। प्रो. राजेश कुमार ने पढ़ाई का मंत्र दिया। इस मौके पर डॉ. श्रीपाल, डॉ. रेणुका अरोड़ा, डॉ. मीना गुप्ता, डॉ. सतीश चंद्रा आदि मौजूद रहे।

लायंस इंटरनेशनल ने किया भंडारा

कानपुर। लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 321-बी2 के गवर्नर लॉयन ज्ञान प्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में अन्नपूर्णा सेवा के अंतर्गत जीटी रोड स्थित माता चंद्रिका देवी को प्रसाद चढ़ा कर भंडारा किया गया। भंडारे में तीन हजार लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मुख्य अतिथि लॉयन ज्ञान प्रकाश गुप्ता ने इसका महत्व बताया। वहां डिस्ट्रिक्ट हंगर कमेटी के चेयरपर्सन लायन दीपक गुप्ता, हंगर कमेटी ब्रांड एम्बेसडर आरपी शाह और को चेयरपर्सन विराट गुप्ता मौजूद थे।

हत्या की सूचना देने वाले ओला चालक को इनाम

सरसौल। महाराजपुर में ओला चालक द्वारा महिला की हत्या की सूचना पुलिस तक पहुंचाने पर सोमवार को डीसीपी पूर्वी ने ओला चालक को पांच हजार का इनाम दिया। महोली में 12 जुलाई को कुसुम की उनके भतीजे बब्लू और आशू ने हत्या कर शव बोरे में भर फेंकने के लिए रिश्तेदार जितेन्द्र प्रताप से संपर्क किया। सौरभ ने नोएडा से ओला बुक कराई। हाईवे पर शव टैक्सी में रखने लगे थे। तभी ओला चालक मनोज ने बोरे से खून निकलता देखा तो थाने पहुंचा था।

सीवर सफाई को लेकर पार्षद से लगाई गुहार

कल्याणपुर। सत्यम विहार में सीवर भराव की समस्या से जूझ रही दर्जनों महिलाएं पार्षद कौशल मिश्रा के घर पहुंचीं। महिलाओं ने पार्षद से सीवर भराव की समस्या से निजात की मांग की। पार्षद सफाई नायक और टीम के साथ पहुंचे। जहां पर सफाई कर्मियों ने नालियों और मैनहोल को साफ किया।

बिल्हौर इंटर कॉलेज मामले में जांच कमेटी का गठन

कानपुर, वरिष्ठ संवाददाता। बिल्हौर इंटर कॉलेज, बिल्हौर में व्यावसायिक शिक्षा के अन्तर्गत प्रवेश न लेने की शिकायत पर जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. फतेह बहादुर सिंह ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया है। कमेटी को दो दिवसों में स्थलीय निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट सौंपनी होगी। दो अन्य विद्यालयों के शिक्षकों को भी विद्यालय में तैनात किया गया है जो यहां प्रवेश की निगरानी करेंगे और रोज रिपोर्ट देंगे। शनिवार को विद्यालय की एक शिक्षिका ने इसी प्रकरण में डीआईओएस कार्यालय में सुसाइड का प्रयास किया था। शिक्षिका चित्रांशी सिंह ने शनिवार को डीआईओएस कार्यालय में डिप्रेशन में खाई जाने वाली अतिरिक्त गोलियों को निगल कर सुसाइड का प्रयास किया था। डीआईओएस फतेह बहादुर सिंह ने कहा कि शिकायतों का संज्ञान लेते हुए आदेश किए गए हैं। प्रवेश लेने में कोई अड़चन न आए इसलिए निगरानी में सरकारी विद्यालयों के दो शिक्षकों को विद्यालय में निगरानी के लिए लगाया गया है।

सिख युवक का बिना हेलमेट में चालान

कानपुर। सिख समुदाय को हेलमेट लगाने से छूट है। यातायात पुलिस ने पगड़ी पहने सिख का चालान कर दिया। डीसीपी के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने निरस्त करने को आवेदन ले लिया है। पर चालान निरस्त नहीं हुआ है। कंवलजीत सिंह सचान गेस्ट हाउस के पास से गुजर रहे थे तब बिना हेलमेट में चालान कर दिया। कंवलजीत सिंह पुलिस ट्राफिक लाइन शिकायत पहुंचे तो चालान जमा करने को कहा। कंवलजीत सिंह व पत्नी गुरप्रीत कौर ने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा कानपुर क्षेत्र क्षेत्रीय अध्यक्ष सरदार अजीत सिंह छाबड़ा से शिकायत की।

बोल बम से गूंज उठे भोले के दरबार

हर-हर महादेव

- तीसरे सोमवार को शिवालयों में भक्तों को तांता
- जागेश्वर, खेरेश्वर और नागेश्वर में विशेष पूजा अर्चना
- दुग्धाभिषेक व जलाभिषेक कर भोलेनाथ को मनाया

कानपुर, वरिष्ठ संवाददाता। सावन के तीसरे सोमवार पर शहर के शिवालयों में भक्तों का तांता लगा रहा। जलाभिषेक कर बम बम भोले के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा। शिवालयों में वैसे तो रात से ही भक्तों का आना शुरू हो गया था पर सुबह होते ही बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ी। सर्वाधिक भीड़ आनंदेश्वर मंदिर में रही। यहां भक्तों ने दुग्धाभिषेक और जलाभिषेक किया।

वनखंडेश्वर में भी बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। इसे देखते हुए यहां मंदिर की ओर जाने वाला मार्ग दोनों ओर से बंद कर दिया गया था। जागेश्वर, खेरेश्वर और नागेश्वर में भी भक्तों ने कतार में लगकर दर्शन किए। धनकुट्टी स्थित औघड़ेश्वर व शिवाला स्थित कैलाश मंदिर में भक्तों की भीड़ रही। शहर के सभी मंदिरों में विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई। बड़ी संख्या में भक्त घाटों पर भी पहुंचे। बिठूर, गंगा बैराज, अटलघाट, रानी घाट आदि में बड़ी संख्या में भक्तों ने स्नान किया। पंडित पवन कुमार तिवारी के अनुसार सावन के तीसरे सोमवार को रवि और शिव योग का संयोग रहा। सोमवार के शहर के सभी शिवालयों में शिव भक्तों की कतार लगी रही।

मॉडल टाउन स्थित शिव मंदिर को रंगबिरंगी रोशनी से सजाया गया।

सावन के तीसरे सोमवार पर परमट स्थित आनंदेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना करते भक्त।

‘विकास कार्यों में नहीं पिछड़ेगा कानपुर’

- नए कमिश्नर अमित गुप्ता ने संभाला चार्ज
- बोले, त्योहारों के मौके पर लोगों को मिलेगा सुरक्षित माहौल

कानपुर, प्रमुख संवाददाता। कानपुर मंडल के नए मंडलायुक्त अमित गुप्ता ने सोमवार शाम को चार्ज संभाल लिया। कमिश्नर ऑफिस पहुंचकर उन्होंने चार्ज लेने संबंधित प्रक्रिया को पूरा किया। स्टाफ और अन्य अधिकारियों से भी मुलाकात की। वह इससे पहले आगरा के मंडलायुक्त रहे। डॉ. लोकेश एम का तबादला होने के बाद कानपुर मंडल की जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई।

अमित गुप्ता ने बताया कि शासन की प्राथमिकताओं को कानपुर मंडल में लागू कराया जाएगा। जनता की शिकायतों को प्राथमिकता के साथ समाधान किया जाएगा। वहीं विकास कार्यों में गति लाई जाएगी, कानपुर को प्रदेश के किसी भी शहर के मुकाबले पिछड़ने नहीं दिया जाएगा। कहा कि अगले कुछ दिनों में कई बड़े त्योहार जैसे मोहर्रम, दशहरा, दुर्गापूजा, दीपावली आदि का आयोजन है। इस दौरान नगरवासियों को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना प्राथमिकता है।

इन जिलों में रह चुके हैं तैनात : आईएएस अमित गुप्ता 2000 बैच के हैं। ग्वालियर के अमित गुप्ता ने पब्लिक अफेयर में मास्टर भी कर चुके हैं। आईएएस वे सहायक मजिस्ट्रेट/सहायक कलेक्टर के रूप में मेरठ से कार्य शुरू किया, इसके बाद ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट आगरा रहे। मुख्य विकास अधिकारी आगरा, जालौन के साथ डीएम हमीरपुर, ललितपुर, जालौन, कन्नौज, प्रतापगढ़, इटावा, महाराजगंज, फिरोजाबाद, श्रावस्ती, लखीमपुर खीरी, बदायूं, बिजनौर, पीलीभीत, रायबरेली में कार्य कर चुके हैं। तकनीकी शिक्षा, ग्राम्य विकास, पंचायतीराज, चिकित्सा शिक्षा व विशेष सचिव व सचिव सीएम रह चुके हैं।

कल्याणपुर बाजार बंदी को लेकर व्यापारियों में दो फाड़

कल्याणपुर, संवाददाता। कल्याणपुर-पनकी रोड बाजार में लागू नो इंट्री में दुपहिया वाहनों के प्रवेश की मांग को लेकर बाजार बंदी के ऐलान पर व्यापारी गुटों में दो फाड़ हो गया। श्याम बिहारी गुट ने बंदी का समर्थन किया वहीं, उत्तर प्रदेश कल्याणकारी व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बंदी का बहिष्कार किया। कानपुर ग्रामीण व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राहुल शुक्ला ने कहा कि नो इंट्री को लेकर मंगलवार को कल्याणपुर बाजार की बंदी का ऐलान किया गया है। वहीं, उत्तर प्रदेश कल्याणकारी व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संदीप पांडे ने बताया कि डीसीपी ट्रैफिक ने संगठन को जल्द से जल्द दुपहिया वाहनों की इंट्री का आश्वासन दिया है। जिसको लेकर हमारा संगठन बाजार बंदी का विरोध कर रहा है। उधर, ट्रैफिक विभाग ने दुपहिया वाहनों के प्रवेश मार्ग खोलने को लेकर प्रयास शुरू किए हैं।

> व्यापारी संगठनों ने नो इंट्री में दुपहिया वाहनों को प्रवेश देने की मांग की थी। जिसको लेकर ट्रैफिक विभाग हर बिंदु पर जांच कर रहा है।
> -रवीना त्यागी, डीसीपी ट्रैफिक

प्रथम सेमेस्टर में पढ़ेंगे भारतीय ज्ञान परंपरा

कानपुर, प्रमुख संवाददाता। सीएसजेएमयू व इससे संबद्ध सात जिलों के सभी महाविद्यालयों में छात्र-छात्राएं प्रथम सेमेस्टर में भारतीय ज्ञान परंपरा व भारतीयों के योगदान को पढ़ेंगे। इसे नई शिक्षा नीति के तहत संचालित पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर में प्रथम यूनिट के रूप में शामिल किया जाएगा। यह फैसला विवि की एकेडमिक काउंसिल में हुआ। वहीं, जीवित साहित्यकारों पर पीएचडी कराने के प्रस्ताव पर भी मुहर लग गई।

सीएसजेएमयू के सेंटर फॉर एकेडमिक में सोमवार को कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक की अध्यक्षता में एकेडमिक काउंसिल की बैठक हुई। इसमें अलग-अलग 36 बिंदुओं पर चर्चा हुई। स्कूल ऑफ एडवांस्ड एग्रीकल्चर साइंस एंड टेक्नोलॉजी के तहत बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर में सीटों की संख्या 120 से 180 कर दी गई है। एमएससी-एग्रोनॉमी, एमएससी-हॉर्टिकल्चर की तीन शाखाओं फ्रूट साइंस, वेजीटेबल साइंस, फ्लोरिकल्चर एंड लैंडस्केपिंग के नए पाठ्यक्रम की भी अनुमति दे दी गई है। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में फिल्म मेकिंग भी नए सत्र से शुरू होगा। विवि में संचालित दीनदयाल शोध केन्द्र के तहत पीएचडी में थीसिस जमा करते समय शोधार्थियों को बीस हजार रुपये की सहायता प्रदान की जाएगी।

कई नवीन वोकेशनल कोर्सेज को भी अनुमति प्रदान की गई है। स्नातक तथा परास्नातक स्तर पर विद्यार्थियों के चयन के लिए माइनर इलेक्टिव पेपर अनुमोदित किए गए। वहीं, सत्र 2023-24 में स्नातक व परास्नातक स्तर पर शुरू होने वाले 16 नए पाठ्यक्रमों के सभी प्रस्तावों पर भी मुहर लगी। वहीं, स्नातक व परास्नातक के जीवन विज्ञान, प्रौद्योगिकी, सूक्ष्म विज्ञान, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित के पाठ्यक्रम में संशोधन किया। बैठक में प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी, रजिस्ट्रार डॉ. अनिल कुमार यादव, डीन एकेडमिक प्रो. रोली शर्मा समेत विभिन्न विभागों के डीन व विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।

सीएसजेएमयू के सेंटर फॉर एकेडमिक काउंसिल में बोलते कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक।

JKCement
जे.के. सीमेन्ट लिमिटेड
सीआइएन: L17229UP1994PLC017199
पंजीकृत कार्यालय: कमला टावर, कानपुर–208001, उ.प्र.
टेलीफोन: +91 512 2371478/81 फैक्स : +91 512 2332665
ईमेल: shambhu.singh@jkcement.com वेब: www.jkcement.com

निदेशक मंडल के बैठक की सूचना

एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय मंडल (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकतायें) विनियमन, 2015 (यथा संशोधित) के विनियमन 29 के साथ पठित विनियमन 47 के अनुसरण में कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक शनिवार, 12 अगस्त, 2023 को दोपहर 12.30 बजे उपस्थिति के हाइब्रिड मोड (भौतिक रूप से और वीसी के माध्यम से) के माध्यम से गुरुग्राम, हरियाणा में कंपनी के कॉर्पोरेट कार्यालय में आयोजित की जायेगी, जिसमें कंपनी के 30 जून, 2023 को समाप्त पहले तिमाही के (एकल व समेकित) अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार एवं उन्हें अनुमोदित किया जायेगा।

सेबी (इनसाइडर ट्रेडिंग निषेध) विनियमन 2015, तथा कंपनी की इनसाइडर ट्रेडिंग की आचार संहिता के तहत कंपनी की प्रतिभूतियों में कारोबार के लिये ट्रेडिंग विन्डो बंद रहने की अवधि 14 जुलाई, 2023 से 14 अगस्त, 2023 तक रहेगी।

यह सूचना कंपनी की वेबसाइट **www.jkcement.com**, बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट **www.bseindia.com** तथा एनएसई लिमिटेड की वेबसाइट **www.nseindia.com** पर भी उपलब्ध है।

स्थान : कानपुर
दिनांक: 24.07.2023

कृते जे. के. सीमेंट लिमिटेड
(शम्भू सिंह)
उपाध्यक्ष एवं कम्पनी सचिव
(एफसीएस 5836)

(18/10/1921 - 25/07/2012)
शौर्य चक्र विभूषित
स्व० चौ० हरमोहन सिंह यादव जी
(पूर्व सांसद/पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा)
की 11वीं पुण्य तिथि पर शत्-शत् नमन

चौ. सुखराम सिंह यादव
पूर्व सभापति उ.प्र. विधान परिषद/पूर्व सांसद
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा

चौ. मोहित यादव
अध्यक्ष
चौ. हरमोहन सिंह शिक्षण संस्थान
चौ. हरमोहन सिंह जनकल्याण समिति